सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 232 | इंदौर, शनिवार 02 मार्च, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Gautam Gambhir:** पांच साल का है गंभीर का राजनीतिक करियर, करीब सात लाख वोट मिले, आतिशी-लवली को हराया
2. **Kisan Andolan:** फिलहाल दिल्ली कूच नहीं; कल शुभकरण की अंतिम अरदास पर होगा एलान, बॉर्डर पर बढ़ेंगे मोर्चे
3. **Karnataka:** 'मास्क और टोपी पहना एक शख्स बस से उतरा फिर...', CM ने बताया ऐसे हुआ रामेश्वरम कैफे में धमाका
4. **बिछ रही सियासी बिसात:** गठबंधन से BJP व RLD की राह होगी आसान, इस फॉर्मूले से कई विधायकों की खुल सकती है किस्मत
5. **PM Modi:** प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल को दी 15 हजार करोड़ की सौगात, बोले- राज्य को विकसित बनाने में जुटे हैं
6. **कांग्रेस के बागी विधायकों पर कार्रवाई:** नालागढ़ के MLA और उनके भाई के क्रशर पर टीम ने दी दबिश, 1.5 लाख का चालान

### बंगले खाली कराने पूर्व मंत्रियों और पूर्व विधायकों को

# बेदखली का नोटिस जारी

## 28 नेताओं के बंगले के बाहर नोटिस चस्पा किया

### बंगला नहीं छोड़ने वालों में 24 पूर्व मंत्री और 4 पूर्व विधायक शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश की राजधानी में बंगला खाली नहीं करने वाले पूर्व मंत्रियों और पूर्व विधायकों को बेदखली का नोटिस जारी किया गया है। ऐसे 28 नेताओं के बंगले के बाहर नोटिस चस्पा किया है। इनमें 24 पूर्व मंत्री और 4 पूर्व विधायक शामिल हैं। कुछ ऐसे भी हैं, जो शिवराज सरकार में मंत्री थे, लेकिन डॉ. मोहन यादव सरकार में मंत्री पद नहीं मिला।**

संबंधित अफसरों का कहना है कि बंगला खाली नहीं किया, तो 10 दिन का एक और नोटिस दिया जाएगा। इसके बाद ताला तोड़कर जबरन बंगला खाली कराया जाएगा। पूर्व मंत्रियों में कमल पटेल, उषा ठाकुर, मीना सिंह, दीपक जोशी, इमरती देवी, रामपाल सिंह, महेंद्र सिंह सिसोदिया समेत 28 नेताओं के नाम हैं।

संपदा संचालनालय गृह विभाग की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि 'संबंधित पूर्व मंत्री व विधायक लोक परिसर का अनधिकृत उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में नियमों के मुताबिक उन्हें लोक परिसर से बेदखल किया जाने का प्रावधान है, इसलिए लोक परिसर (बेदखली) अधिनियम 1974 (क्रमांक 46 सन 1974) की धारा 4 की उपधारा (1) में प्राप्त शक्तियों का उपयोग करते हुए बंगला खाली न करने का कारण बताएं। प्रस्तावित बेदखली आदेश को क्यों न अंतिम रूप में लागू किया जाए।

इन सभी को पहले चरण में दिए गए नोटिस में 29 फरवरी तक बंगला खाली करने के लिए कहा गया, जिसकी अवधि खत्म हो गई है। ये नोटिस अब बंगलों पर चस्पा किए गए हैं। गृह विभाग के अफसरों का कहना है कि जिन पूर्व मंत्रियों और विधायकों ने बंगले खाली नहीं किए हैं, उन्हें पहले 7 दिन का नोटिस दिया गया था। इसके बाद भी आवास खाली नहीं किया गया, तो बेदखली का पहला नोटिस 19 फरवरी को भेजा गया। इसमें 10 दिन का समय दिया गया था। इस नोटिस को भी अनदेखा कर दिया गया। अब बेदखली का दूसरा नोटिस दिया जाएगा। इसके बाद भी बंगला खाली नहीं करने पर ताला तोड़कर सामान बाहर कर दिया जाएगा। इस दौरान पुलिस और प्रशासन के अफसर भी मौजूद रहेंगे।



### →इन पूर्व मंत्रियों व विधायकों ने खाली किए आवास

गृह विभाग के अनुसार जिन पूर्व मंत्रियों और विधायकों ने बंगले खाली कर दिए हैं, उनमें ओपी सखलेचा, गिरीश गौतम, राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, प्रेम सिंह पटेल, संजीव सिंह के नाम शामिल हैं। इसके अलावा, बिसाहूलाल सिंह का बंगला भी खाली होने की जानकारी दी जा रही है। बाकी जिन पूर्व मंत्रियों और विधायकों ने भी बंगले खाली कर दिए हैं, उन्होंने गृह विभाग को सूचना नहीं दी है, इसलिए विभाग बेदखली की कार्रवाई करने जा रहा है।

# इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन सहित 600 दुकानदारों ने दिया ज्ञापन

## एकांकी मार्ग के चलते राजबाड़ा के व्यापारियों ने यातायात एडिशनल कमिश्नर से लगाई गुहार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर शहर के दो प्रमुख मार्ग एकांकी किए जाने से आने वाले पर्यटकों का आसपास के बाजारों से व्यवसाय छिन्न गया है। राजबाड़ा के आसपास के सभी व्यापारी परेशान हो रहे हैं। व्यवसायी चाहते हैं कि राजबाड़ा से सुभाष चौक पार्किंग तक का मार्ग टू वे रख दिया जाए। राजबाड़ा क्षेत्र के सभी 600 दुकानदार के हस्ताक्षर वाला ज्ञापन महापौर-कलेक्टर ओर पुलिस आयुक्त को देकर एकांकी मार्ग में 500 मीटर क्षेत्र राजबाड़ा से सुभाष चौक पार्किंग को टू वे करने की मांग की गई।**

इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अक्षय जैन ने बताया कि एमजी रोड और जवाहर मार्ग एकांकी किया गया है जिससे हम सहमत है, लेकिन राजबाड़ा क्षेत्र जहां सबसे बड़ा तबका पर्यटकों का आता है, उन्हें सुभाष चौक पार्किंग जो इस क्षेत्र का नगर निगम द्वारा बनाया गया बड़ा पार्किंग है। व्यापारियों का दर्द है कि एकांकी मार्ग के चलते राजबाड़ा से सुभाष चौक की ओर पार्किंग न होने से उनका और पर्यटकों का व्यवसायिक व्यवहार छिन्न गया है। 600 दुकानों पर 3000 से ज्यादा कर्मचारियों को पालन-पोषण इन्हीं पर्यटकों के खरीदी के चलते होता है। एकांकी मार्ग में पर्यटक उनकी पहुंच से दूर हो गया। व्यापारियों ने गुरुवार को एडिशनल पुलिस कमिश्नर यातायात पश्चिम अरविंद तिवारी से मुलाकात कर व्यवसायिक क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। यातायात अधिकारी तिवारी ने व्यापारियों से कहा कि एकांकी मार्ग को लेकर महापौर, कलेक्टर और पुलिस कमिश्नर ही निर्णय लेंगे। सभी व्यवसायी ने उन तक अपनी बात पहुंचाई। उन्होंने कहा कि आपके क्षेत्र में ऑटो और ई-रिक्शा के चलते जो व्यवधान हो रहा है, उसके निराकरण पर हम अवश्य एक्शन प्लान बनाकर हल कर देंगे। बाजारों की सड़कों पर दुकानदारों के वाहन पार्किंग का दबाव पर भी एक प्लान बना रहे हैं जिसमें सभी व्यापारिक संगठनों के साथ बैठक कर सहमति बनाकर प्लान कार्यान्वित किया जाएगा जिससे व्यवस्था बेहतर हो सकेगी।

## 31वें आईएमए इंटरनेशनल मैनेजमेंट कॉन्क्लेव का उद्घाटन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। व्यावसायिक पेशेवरों के लिए एक अग्रणी मंच, इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन (आईएमए) ने 1 मार्च को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर में अपने दो दिवसीय प्रमुख कार्यक्रम, 31वें आईएमए इंटरनेशनल मैनेजमेंट कॉन्क्लेव का सफलतापूर्वक उद्घाटन किया। कॉन्क्लेव में विविध प्रकार के कॉर्पोरेट दिग्गजों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिससे व्यावहारिक चर्चा और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिला।**

### →कथक असाधारण

नादनाम संस्थान की सुश्री हर्षा खरे और उनकी प्रतिभाशाली टीम द्वारा मनमोहक कथक प्रदर्शन से दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। सुंदर नृत्य शैली नवीनता, परंपरा और गतिशीलता के विषयों से गूंजती है।

### →दीप प्रज्ज्वलन समारोह

प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई, जो ज्ञान और सहयोग की रोशनी का प्रतीक है। औपचारिक दीप प्रज्ज्वलन से सम्मेलन की आधिकारिक शुरूआत हुई। आईआईएम इंदौर के निदेशक और इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु राय ने कॉन्क्लेव में भारत के आशाजनक भविष्य पर प्रकाश डालते हुए कॉन्क्लेव की शुरूआत की। उन्होंने स्वास्थ्य देखभाल में प्रगति और अत्यधिक कुशल कार्यबल के साथ भारत के दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने की भविष्यवाणी की। नाजुकता, अप्रत्याशितता, गैर-रैखिकता और समझ से बाहर होने चुनौतियों के बावजूद, उन्होंने व्यक्तिगत और व्यावसायिक सफलता प्राप्त करने में कड़ी मेहनत के मूल्य पर जोर दिया।

## 308 वां इन्दौर स्थापना दिवस समारोह कल

### →बड़ा रावला जूनी इन्दौर में इन्दौर स्थापना दिवस पर होंगे कई धार्मिक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर** । श्री इन्दौर स्थापना दिवस समारोह समिति द्वारा इस वर्ष इन्दौर का 308 वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। स्थापना दिवस समारोह के तहत बड़ा रावला परिसर को रंग-रौगन के साथ ही अन्य तैयारियां भी की जा रही है। इस वर्ष स्थापना दिवस समारोह में प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ ही अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन भी आयोजित होगा। जिसमें ख्याति प्राप्त कवि शामिल होंगे। वहीं इन्दौर स्थापना दिवस के तहत बड़ा रावला परिसर में भव्य आतिशबाजी भी की जाएगी।

श्री इन्दौर स्थापना दिवस समारोह समिति के वरदराज मण्डलोई, राव श्रीकांत मण्डलोई जमींदार एवं माधवी मंडलोई ने बताया कि 308 वां इन्दौर स्थापना दिवस समारोह की शुरूआत रविवार 3 मार्च को सुबह 9.30 बजे चम्पाबाग एवं दौलतगंज स्थित छत्रियों पर पूजन के साथ की जाएगी। जिसमें शहर की जनता के साथ-साथ कई गणमान्य नागरिक शिरकत करेंगे। वहीं इसके पश्चात रात्रि को 8 बजे से प्रतिभा सम्मान समारोह एवं अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमें देश के ख्याति प्राप्त कवि अपनी रचनाओं से सभी को गुदगुदाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं विधायक गोलू शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित होंगे।

## स्वतंत्रता संग्राम सैनानी तोमर के 102 वर्ष में प्रवेश करने पर सार्वजनिक अभिनंदन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। देश की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड? वाले इन्दौर शहर के सैनानियों में से एक नरेन्द्र सिंह तोमर (नत्थुसिंह) आज अपने जीवन काल के 101 वर्ष पूर्ण कर 102 वर्ष में प्रवेश करने जा रहे हैं। उनके त्याग और बलिदान के लिए अ.भा. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन एवं गीता रामेश्वरम् पारमार्थिक न्यास उनका शताब्दी वर्ष बनाने जा रही है। जानकारी देते हुए कार्यक्रम के आयोजक सत्यनाराण पटेल पूर्व विधायक एवं मदन परमालिया समाजसेवी ने जानकारी देते हुए बताया कि इन्दौर समीप ग्राम पिवड़ाय में जन्मे मालवीय कवी एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री नरेन्द्र सिंह तोमर उर्फ नत्थुसिंह का शताब्दी वर्ष के रूप में सार्वजनिक अभिनंदन संगठन द्वारा 4 मार्च 2024, सोमवार को प्रातः 11.00 बजे ग्राम पिवड़ाय में किया जाएगा। इस अवसर पर 5 विभुतियों को तोमर अलंकरण से नवाजा जाएगा। आयोजन में देश-विदेश और मालवाप्रांत से उनके कई चाहने वाले उपस्थित होंगे।




## सायबर अपराध एवं सायबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता जरूरी है - डॉ. वरूण कपूर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। ब्लेक रिबन इनोवेटिव संकल्प अभियान के तहत सायबर विशेषज्ञ डॉ. वरूण कपूर-अति. पुलिस महानिदेशक कौटिल्य एकेडमी इंदौर में सायबर सुरक्षा एवं जागरूकता विषय पर 661वीं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में एकेडमी के 130 छात्र-छात्राओं एवं 5 व्याख्याताओं ने भाग लिया। कार्यशाला में मुख्य रूप से एकेडमी के डायरेक्टर मनमोहन जोशी, मयंक पटेल, रमेश शर्मा, दिनेश पाटीदार एवं विनय दीक्षित उपस्थित रहे। कार्यशाला का प्रारंभ दीप प्रज्जवलन से किया गया तथा एकेडमी के डायरेक्टर मनमोहन जोशी द्वारा डॉ. वरूण कपूर को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

डॉ. कपूर द्वारा सायबर अपराध स्पैम ईमेल, हैकिंग, साइबर फिशिंग, सायबर बुलिंग, वायरस फैलाना, फर्जी बैंक कॉल, सोशल मिडिया पर अफवाह फैलाना इत्यादि के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि भारत में सायबर अटैक की घटनाये दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इन्हें देखते हुये आपको अत्यधिक सावधनी बरतना होगी। सायबर अपराध से बचने के लिये सबसे पहले आपको जानकार के साथ ही जागरूक बनना होगा । सोशल मीडिया पर अपनी निजी तस्वीर शेयर करने से बचे। प्रायवेसी सेटिंग्स को पब्लिक न करें। सेटिंग्स ऐसी रखे ताकि आपकी फोटो अनजान लोगों तक न पहुंचे। अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें। कार्यशाला के समापन पर कौटिल्य एकेडमी के डायरेक्टर श्री मनमोहन जोशी द्वारा डॉ. वरूण कपूर को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेट किया गया । सेमिनार के सफल संचालन में सहायक सेनानी श्रीमती नीति दण्डोतिया, निरीक्षक श्रीमती पूनम राठौर, एवं उनकी टीम के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कॉलेज से 30 किमी दूर बना दिया सेंटर

## पेपर देने समय पर कैसे पहुंच पाएंगे परीक्षार्थी ...?

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। देवी अहिल्या विश्व विद्यालय ने इस वर्ष परीक्षा को बेहद कठिन बना दिया है। बीबीए तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राएं परीक्षा सेंटर को लेकर परेशान है। कालेज से करीब तीस किमी दूर सेंटर आने के कारण स्टूडेंट कालेज को शिकायत कर रहे है लेकिन वे भी सुनवाई नहीं कर रहे। उनका कहना है कि परीक्षा के सेंटर यूनिवर्सिटी ही तय करती है। कालेज से करीब 30 किमी दूर परीक्षा देने के लिए कालेज प्रबंधन से बस की व्यवस्था का निवेदन किया तो कालेज ने अपने हाथ खड़े कर दिए हैं। अब सुबह 7 बजे 30 किमी तक स्टूडेंट परीक्षा देने कैसे जाएंगे इसका जवाब किसी के पास नही है।

मामला काम्प फीडर्स एआईएसईसीटी कालेज आफ प्रोफेशनल स्टडीज,केट रोड का है। यहां बीबीए तृतीय वर्ष के स्टूडेंट का परीक्षा सेंटर एक्रोपोलिस मेनेजमेंट एंड रिसर्च कालेज,बायपास आया है। कई छात्र-छात्राएं कालेज सिटी बस या अन्य साधन से कालेज पहुंचते हैं। उनके पास कोई दूसरा साधन नहीं है। ऐसे स्टूडेंट्स परेशानी में आ गए हैं। प्रथम वर्ष के दौरान जब बीबीए के स्टूडेंट्स का सेंटर यहीं आया था तब कालेज प्रबंधन ने आश्वासन दिया था कि आपका सेंटर बदलवा देंगे। इसके बाद भी अब फिर से यही सेंटर आ गया है। टाइम टेबल के मुताबिक कुछ पेपर सुबह 7 बजे हैं। कालेज से कुछ ही दूरी पर रहने वाले स्टूडेंट्स यहां अल सुबह समय पर कैसे पहुंच पाएंगे ये भी यक्ष प्रश्न बन गया है। प्रथम वर्ष की परीक्षा के दौरान कई स्टूडेंट्स समय पर परीक्षा देने नहीं पहुंच पाते थे। इतनी सुबह कोई लोक परिवहन भी आसानी से नहीं मिलता है। तब ये समस्या और विकराल हो जाती है। स्टूडेंट्स ने मांग की है कि देवी अहिल्या विश्व विद्यालय को इस मामले में तत्काल निर्णय लेना चाहिए क्यों को बीबीए तृतीय वर्ष की परीक्षाएं 5 मार्च से ही शुरु हो रही हैं।

# शराब दुकान का विरोध

## विधायक मेंदोला ने हटाने का दिया 3 दिन का अल्टीमेटम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बाणगंगा मानसिक चिकित्सालय के सामने लगी शराब दुकान को 3 दिन में बंद करने का दिया अल्टीमेटम प्रदर्शन कर विधायक रमेश मेंदोला ने दिया आदेश इसके साथ ही क्षेत्र में खुलेआम चल रही मांस मटन की दुकान भी होगी 3 में बंद। मानसिक चिकित्सालय के पास काफी लंबे समय से शराब की दुकान की वजह से आसपास के क्षेत्र के लोगों को और यहां आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था यहां पर शराब पीकर जनता को परेशान कर विवाद किया जाता था जिसके चलते क्षेत्रीय वासी शराब दुकान को बंद करने के लिए लंबे समय से कब आयात कर रहे थे जिसके चलते आज क्षेत्रीय विधायक रमेश मेंदोला, संध्या राधाकिशन जायसवाल पार्षद, सोनाली विजय परमार पार्षद एमआईसी सदस्य जीतू यादव ने शराब दुकान के पास धरना देते हुए शराब दुकान संचालक को तीन दिन में क्षेत्र से दुकान हटाने का अल्टीमेटम दिया है इसके साथ ही क्षेत्र की महिलाओं की मांग पर विधायक रमेश मेदौला ने क्षेत्र में खुले में चल रही मांस की दुकानों को भी 3 दिन के अंदर हटाने का अल्टीमेटम दे दिया है।

# कर्ज चुकाने आरोपी ने रची थी फर्जी लूट की कहानी

## पत्नी भी थी शामिल, पूछताछ में खुलासा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कर्ज चुकाने के लिए आरोपी ने पत्नी के साथ मिलकर मिर्ची डालकर लूट की फर्जी कहानी रची थी। पुलिस की जांच और आरोपी के लगातार बयान बदलने से मामले का खुलासा हो गया। क्राइम ब्रांच के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि 27 फरवरी को आवेदक बाबू भाई ने रावजी बाजार थाने में लिखित शिकायत की थी। इसमें कहा था कि मैं सियागंज में कमिशन एजेंट हूं। मैंने पैसों की रिकवरी के लिए धवल भाई चिम्बाचे निवासी साउथ तुकोगंज को नौकरी पर रखा है। घटना वाले दिन वह पार्टी से डेढ़ लाख रुपए लेकर आ रहा था। तभी किसी ने उसकी आंख में मिर्ची झोंककर राशि लूट ली थी। घटना की विस्तार से जानकारी लेने जब मैं धवल से मिलने आनंद हास्पिटल पहुंचा तो उसने बताया कि मेरे साथ गाड़ी अड्डा क्षेत्र में वारदात कारित हुई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर लूट का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

### ऐसे हुआ पुलिस को शक

आरोपियों को पकड़ने पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों से भी बात की। किसी भी कैमरे में वारदात संबंधी फुटेज दिखाई नहीं दिए। इस पर पुलिस को आरोपी पर शक हुआ। पुलिस ने आरोपी से सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि घटना में पत्नी हिरल बाई भी शामिल है।

### पत्नी को बुलाया था

आरोपी के मुताबिक, कर्जा चुकाने के लिए आवेदक के रुपए हड़पने झूठी लूट की घटना का प्लान बनाया था। आवेदक से रुपए लेने के लिए पत्नी को वाटसअप पर मैसेज कर लालबाग पैलेस बुलाया। यहां पत्नी को पैसे देकर घर रवाना कर दिया। कुछ देर बाद वह गाड़ी अड्डा पहुंचा और योजना अनुसार घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है।

# अभिभाषक संघ के चुनाव : सुरेन्द्र वर्मा अध्यक्ष बने

## देररात मतगणना के बाद विजयी जुलूस निकाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जिला न्यायालय में शुक्रवार को इंदौर अभिभाषक संघ के चुनाव हुई। कशमकश भरे चुनाव में 32 प्रत्याशी जिसमें 5-5 अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, 7 सहसचिव, 3 सचिव, 2 कोषाध्यक्ष के लिए मैदान में थे। मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज द्विवेदी ने बताया कि चुनाव में 4496 वोटर थे, जिसमें से 2975 वोटरों ने मतदान किया। इसमें संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र वर्मा उपाध्यक्ष रामसिंह भदौरिया, कपिल बिरथरे सचिव, रत्नेश पाल सहसचिव तथा पुष्पेन्द्र सोमानी कोषाध्यक्ष चुने गए। वर्मा को 187, गोपाल कचोलिया को 183, सुनील चौधरी को 59, मुकेश जैन को 29 तथा ओमप्रकाश तिवारी को 3 वोट मिले हैं। प्रत्याशियों ने जीत के बाद मिठाई बांटते हुए



रात में ही विजयी जुलूस निकाला। अधिकारी के मुताबिक, चुनाव को लेकर एक सप्ताह से गहमागहमी चल रही थी। दो प्रत्याशी दोबारा अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि एक महिला प्रत्याशी ने भी मैदान संभाला है। 29 फरवरी को जनसम्पर्क का अंतिम दिन होने से कोर्ट खत्म होने के बाद भी प्रत्याशी अपने वोटरों को लुभाने में लगे रहे। शुक्रवार सुबह वोटिंग शुरू होने से पहले सभी प्रत्याशी मतदान केन्द्र पहुंच गए थे और हर वोट को लेकर कयास लगाने लगे।

यह थे मैदान में

अध्यक्ष के लिए गोपाल कचोलिया, मुकेश जैन, ओपी तिवारी, सुनील चौधरी, सुरेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष के लिए दिनेश हार्डिया, किशोर गुप्ता, मुकेश सैनी, रामसिंह भदौरिया, सुषमा शर्मा, सहसचिव के लिए अक्षय वाजपेयी, जयदीपसिंह गौड़, राजकुमार सिंह कौशल, रायसिंह परिहार, रत्नेश पाल, संदीप यादव, विजय व्यास, सचिव अमित पाठक, कपिल बिरथरे, विशाल रामटेके, कोषाध्यक्ष मुकेशसिंह तोमर, पुरुषोत्तम सोमानी थे।

# दुकान संचालक से मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विवाद के चलते सात बदमाशों ने मधुरम सेंडविच दुकान के संचालक से मारपीट की। छत्रीपुरा पुलिस को फरियादी वैभव गरोठिया निवासी इतवारिया बाजार अपनी पत्नी अमिशा के साथ सिलावटपुरा में शादी समारोह में शामिल होने गया था। वहां से लौटते समय अरविंद ओटकर, रुपेन्द्र ओटकर, नवीन, निखिल मलैया, भोला कंजर, सौरभ मोरे, संदीप ओटकर और उसके बेटे ने मारपीट की। आरोपी और फरियादी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। फरियादी ने आरोपियों पर मारपीट के साथ लूट करने का आरोप भी लगाया है। सोशल मीडिया पर लूट की खबर भी वायरल हुई थी। अब पुलिस फरियादी पर झूठा प्रचार करने का केस भी दर्ज करेगी।

# भाभी ने साढ़े तीन लाख रुपए उड़ा लिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। देवर को पारिवारिक कार्यों से घर की रखवाली कराने का जिम्मा देना महंगा पड़ गया। भाभी ने ही साढ़े तीन लाख रुपए की चपत लगा दी। भंवरकुआ थाना प्रभारी राजकुमार यादव को फरियादी ने बताया कि वह अग्रसेन नगर में रहता है और कैटरिंग व्यवसाय करता है। 27 फरवरी को परिवार के साथ वह रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में सम्मिलित होने सनावद गया था। इस दौरान घर की रखवाली का जिम्मा बड़ी भाभी पदमा काबरा निवासी द्वारकापुरी को दिया था। पदमा ने घर की अलमारी में रखे साढ़े तीन लाख रुपए चुरा लिए थे और देवर को चोरी होने की झूठी जानकारी दी थी। देवर ने मामले में पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। इसमें किसी बाहरी व्यक्ति के घर में आने-जाने के फुटेज नहीं मिले। इस पर पुलिस को मामला संदेहास्पद लगा। भाभी से सख्ती की तो उसने वारदात करना कबूला।

# यात्री बसों और स्कूली वाहनों की जांच

## एक यात्री बस सहित तीन स्कूली वाहन जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर एवं सम्भागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वाड इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों ,स्कूली वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। इसके लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत बीना परमिट तथा फिटनेस के बस चलाये जाने पर बस को जप्त किया गया। साथ ही स्कूलों में संलग्न एक वाहन और दो स्कूली वेन को भी जप्त किया गया।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत वाहनो के फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र भी चेक किये जा रहे है। बसों में ओवरलोडिंग ,अधिक किराया की भी जांच की जा रही है। यात्रियों से वाहन की स्पीड ,चालक-परिचालक के व्यवहार के संबंध में फीडबैक भी लिया जा रहा है। लोगों को अपने वाहनों पर नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है तथा उन्हें समझाईश भी दी जा रही है। स्कूल वाहनो की विशेष चेकिंग की जा रही है । जिसमें वाहन की गति ,स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की जा रही है। बच्चों, पालकों से चालक-परिचालक के व्यवहार के बारे में फीडबैक भी लिया जा रहा है। चेकिंग की कार्यवाही निरन्तर जारी है। आज की चेकिंग में बस बिना परमिट ,बिना फिटनेस चलती पाई गई। इस वाहन पर 1.50 लाख मोटरयान कर भी बकाया था।

# नोएडा की महिला से ठगी

इंदौर। प्लाट के नाम पर भूमाफिया ने नोएडा में रहने वाली महिला को 40 लाख की चपत लगाई। बाणगंगा पुलिस को फरियादी ज्योति पति पंकज कंकर ने बताया कि उसकी पहचान आरोपी गिरीश पिता अमरलाल पंजाबी निवासी स्कीम नंबर 71, योगेंद्र पिता नरेंद्र विश्वकर्मा निवासी लोटस पार्क और पटेल कंस्ट्रक्शन के मालिक महेश पटेल निवासी शिप्रा से हुई थी। आरोपियों ने उसे सांवेर रोड इंडस्ट्रियल एरिया में प्लॉट दिलवाने का झांसा देकर रुपए हड़प लिए थे। पुलिस जांच कर रही है।

# अब नगर निगम द्वारा निर्मित दुकानों में ही खुलेंगी शराब दुकानें

### राज्य सरकार ने किया प्रावधान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्य प्रदेश में अब नगर निगम या नगरीय निकाय द्वारा निर्मित दुकानों में ही शराब दुकानें खोली जाएंगी। नई आबकारी नीति में राज्य सरकार ने इसके प्रावधान किए हैं। यह अनिवार्यता अगले वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए की गई है। इसके अतिरिक्त जिला आबकारी समिति द्वारा निर्धारित किए गए स्थान पर भी शराब दुकानें खोली जा सकेगी। इसके अलावा मप्र में महुआ से निर्मित हेरीटेज शराब पर अब वैट के भुगतान से 31 मार्च 2030 तक छूट रहेगी। इसके लिए आबकारी कार्यालय ने सभी जिला कलेक्टरों को सूचना जारी कर दी है। दरअसल, राज्य सरकार ने 22 फरवरी 2023 को अधिसूचना जारी कर हेरिटेज शराब पर आबकारी ड्यूटी और निर्यात शुल्क से सात वर्ष तक यानी 22 फरवरी 2030 तक छूट प्रदान की थी और वैट से छूट सिर्फ एक वर्ष के लिए दी थी। लेकिन अब वैट की छूट भी सात वर्ष तक कर दी गई है। राज्य सरकार ने अंगूर से बनी वाइन के अलावा अन्य फलों तथा शहद से बनी वाइन को भी आबकारी शुल्क के भुगतान से छूट प्रदान की है। यह निर्णय किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से लिया गया है ताकि फलों के उद्यान विस्तार एवं फल प्रसंस्करण को बढ़ावा मिल सके।

## 50 हजार में मिलेगा होम बार लाइसेंस

वित्तीय वर्ष 2024- 25 में होम बार लाइसेंस 50 हजार रुपये सालाना लाइसेंस फीस पर उन्हीं व्यक्तियों को मिलेगा जिनकी गत वर्ष सकल व्यक्तिगत आय एक करोड़ रुपये या इससे अधिक रही हो। वहीं भोपाल, इंदौर, जबलपुर एवं ग्वालियर एयरपोर्ट के अलावा अब अन्य व्यावसायिक उड़ानें संचालित करने वाले एयरपोर्ट पर भी विदेशी शराब के विक्रय के काउंटर खोलने जाएंगे।

# पं. प्रदीप मिश्रा के रुद्राक्ष महोत्सव के लिए मप्र के कई रास्ते बंद

### पिछले साल मची थी भगदड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर।** पंडित प्रदीप मिश्रा के कुबेरेश्वर धाम में सात मार्च से रुद्राक्ष महोत्सव और शिवमहापुराण कथा का आयोजन होने वाला है। कुबेरेश्वर धाम सीहोर में स्थित है। कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कई रास्तों के ट्रैफिक को बदला गया है। इस दौरान कई प्रमुख मार्गों को बंद भी रखा जाएगा। यह कथा सात से 13 मार्च तक चलेगी। आयोजन समिति ने कहा है कि पांच लाख से अधिक श्रद्धालु आएंगे। कार्यक्रम के दौरान आठ मार्च को महाशिवरात्रि 2024 के उपलक्ष्य में उज्जैन से आने वाले श्रद्धालु, महाकाल के दर्शन के बाद सीहोर जिले में स्थित कुबेरेश्वर धाम में भी जाएंगे। सात दिन तक चलने वाली इस शिवमहापुराण कथा में हर दिन लाखों श्रद्धालु आएंगे। यह श्रद्धालु मप्र सहित अन्य राज्यों से सड़क मार्गों से हर दिए आना जाना करेंगे। इससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसी वजह से व्यवस्था बदली गई है।



भारी यातायात को सीहोर-आष्टा हाईवे मार्ग से संचालित न कर डायवर्ट कर दिया गया है। भोपाल से इंदौर जाने वाले भारी वाहनों के लिए भोपाल से श्यामपुर, ब्यावरा होते हुए इंदौर जा सकेंगे (तूमडा दोराहा जोड होते हुए), इंदौर से भोपाल जाने वाले भारी वाहनों को देवास से ब्यावरा, श्यामपुर होते हुए भोपाल जा सकेंगे। भोपाल से सीधे आष्टा, देवास इंदौर जाने वाले सभी छोटे वाहन एवं यात्री बस सीहोर स्थित क्रिसेंट चौराहा से भाऊखेड़ी जोड़ एवं अमलाहा होते हुए इंदौर की ओर जाएंगे। इंदौर से भोपाल सीहोर जाने वाले वाहन अमलाहा से भाऊखेड़ी जोड़ एवं क्रिसेंट चौराहा होते हुए सीहोर, भोपाल जा सकेंगे। केवल कुबेरेश्वर धाम जाने वाले वाहन ही सीधे हाईवे से जा सकेंगे। अन्य सभी वाहनों को डायवर्सन मार्ग से ही संचालित किया जाएगा। पिछले साल महोत्सव के पहले ही दिन भगदड़ मच गई थी। लाखों लोग रुद्राक्ष लेने के लिए उमड़ गए थे। बढ़ती भीड़ के कारण कार्यक्रम स्थल पर हालात बेकाबू हो गए थे और इसके बाद रुद्राक्ष वितरण का कार्यक्रम रोक दिया गया था। कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कुबेरेश्वर धाम आए श्रद्धालुओं को पिछले साल भारी अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ा था। छांव का इंतजाम तक न होने की वजह से कड़कती धूप में लोगों ने कथा सुनी। सात दिन में बच्चे-महिलाओं समेत 8 लोगों की जान गई थी। इसके अलावा आने जाने वाले रास्तों में कई हादसों की वजह से कई लोगों की जान गई थी।

# डिंडौरी में एक साथ दफनाए 10 शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**डिंडौरी।** सड़क हादसे में 14 जिंदगियां छीनने वाला ड्राइवर रिश्वतखोरी के मामले में जबलपुर नगर निगम से बर्खास्त हो चुका है। उसे लोकायुक्त टीम ने 6 साल पहले ट्रैप किया था। नौकरी से बर्खास्तगी के बाद वह लोडिंग वाहन चलाने लगा था। इस वाहन का बीमा और फिटनेस भी समाप्त हो चुका था। शहपुरा पुलिस ने आरोपी ड्राइवर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। शहपुरा के अम्हरी देवरी गांव में इस हादसे के बाद मातम पसरा है। किसी घर में चूल्हा नहीं जला। एक



साथ 10 लोगों की मौत की खबर गुरुवार तड़के गांव में पहुंची तो कोहराम मच गया। दोपहर बाद जब एक साथ 10 शव पहुंचे तो महिलाओं और बच्चों के चीत्कार से हर किसी का गला रुंध गया। गुरुवार सुबह सभी 14 शवों का शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमॉर्टम हुआ। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में सभी शवों को रवाना किया गया। सबसे अधिक 10 शव अम्हरी देवरी गांव के मदन सिंह (50), सरजू मरावी (45), कृपाल सिंह (45), पुन्नू सिंह (55), लाल सिंह मार्को (55), मुलिया बाई (60), सेमबाई (40), बसंती बाई (35), रामपति बाई (30) और रामी बाई (55) के थे। पुलिस ने पहले ही जेसीबी से शवों को दफनाने के लिए गड्ढे खुदवा दिए थे। दोपहर तीन बजे सभी शवों को एक-एक कर आसपास ही दफनाया गया।

### सरकारी व निजी स्कूलों में...

# नर्सरी से पहली कक्षा में प्रवेश के लिए छह माह की उम्र सीमा बढ़ाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** प्रदेश भर के सरकारी व निजी स्कूलों में नर्सरी से लेकर पहली कक्षा में उम्र की समय सीमा में छह माह की बढ़ोत्तरी की गई है। अब नर्सरी में तीन साल से साढ़े चार साल की उम्र में ही प्रवेश होंगे। वहीं केजी-1 में चार साल से साढ़े पांच साल, केजी टू में पांच साल से साढ़े छह और पहली कक्षा में छह से साढ़े सात साल में प्रवेश दिया जाएगा।

उम्र की समय सीमा में यह संशोधन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार पूर्व प्राथमिक एवं प्राथमिक कक्षा में प्रवेश के लिए आयु का निर्धारण किया गया है। अभी तक निजी स्कूल नर्सरी में दो से तीन साल तक के बच्चों को प्रवेश दिया जाता था। शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन जारी है। इसमें भी उम्र की समय सीमा में संशोधन का पालन किया जाएगा। आरटीई के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गए हैं। आनलाइन आवेदन और सत्यापन किया जा रहा है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने आदेश जारी कर उम्र की तय सीमा में संशोधन का पालन करने के निर्देश जारी किए हैं। राज्य शिक्षा केंद्र ने निर्देश जारी किए हैं कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए आरटीई के तहत निजी स्कूलों में कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के आनलाइन निःशुल्क प्रवेश के लिए आयु सीमा अनुसार संशोधन की सुविधा पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है। निर्देश में लिखा है कि ऐसे आवेदक जिन्होंने पूर्व में अपने बच्चों के निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदन किया है। वे पोर्टल पर पूर्व आवेदन में आयु, प्रवेशित कक्षा और चयनित स्कूलों संबंधी प्राथमिकता क्रम संबंधी सुधार कर सकेंगे। साथ ही नवीन आवेदन के समय भी कक्षावार निर्धारित आयुसीमा ही लागू होंगी। तीन मार्च, तक आरटीई पोर्टल https://rteportal.mp.gov.in/ पर आनलाइन आवेदन और त्रुटि सुधार के लिए विकल्प उपलब्ध रहेगा। आनलाइन आवेदन करने के बाद आवेदक 24 फरवरी से पांच मार्च तक पावती डाउनलोड और मूल दस्तावेजों का सत्यापन निर्धारित संकुल केंद्रों में करा सकेंगे।

# पत्नी के साथ फंदे पर लटका बर्खास्त क्लर्क

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिंगरौली।** वन विभाग से बर्खास्त क्लर्क और उसकी पत्नी का शव सरकारी आवास में फंदे से लटका मिला। कुछ दिन पहले वे ऑफिस में ड्यूटी के दौरान शराब पी रहे थे। इस दौरान महिला सहकर्मी ने वीडियो बनाकर इसे वायरल किया था। साथ ही उनकी शिकायत भी की थी। इसके बाद क्लर्क को पहले सस्पेंड और फिर नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। डीएफओ अखिल कुमार बंसल ने कहा कि घटना दोपहर दो बजे करीब की है। यह बहुत दुखद है। शिवराज सिंह



जिला वन मंडल कार्यालय में क्लर्क के पद पर पदस्थ थे। नौकरी से बर्खास्तगी के बाद वे सीधी अपने घर चले गए थे। शुक्रवार को ही पत्नी के साथ बैढ़न में सरकारी आवास पर आए थे। दरअसल, डीएफओ ऑफिस में कार्यरत महिला कर्मचारी का आरोप था कि लिपिक शिवराज सिंह अक्सर शराब पीकर ड्यूटी पर आता है। 9 फरवरी को भी वह दफ्तर में ही बैठकर शराब पी रहा था। उसने मना किया तो वह बदतमीजी करने लगा। महिला ने अपने मोबाइल फोन से उसका वीडियो बनाना शुरू किया। इसके बाद भी वह नहीं माना और महिला को अपशब्द कहने लगा।

## डंपर ने महिला को कुचला, मौत

**भोपाल।** राजधानी के कोहेफिजा इलाके में कलेक्टोरेट के पास बेकाबू डंपर ने एक कार और ऑटो में टक्कर मारने के बाद महिला को कुचल दिया। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने हंगामा किया। आरोपी डंपर चालक फरार हो गया।

New Delhi

# आपने तो बेटी को ही पिता के खिलाफ हथियार बना लिया, महिला पर भड़क गया हाई कोर्ट, फैसला पलटा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली हाई कोर्ट ने हाल ही में पति-पत्नी के विवाद में एक अहम टिप्पणी की है। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि अगर कोई महिला अपने बच्चे के मन में पिता के खिलाफ बुरी बातों के जरिए खराब छवि गढ़ती है या बनाने की कोशिश करती है तो यह क्रूरता होगी और यह तलाक का आधार भी हो सकता है। कोर्ट ने कहा कि पिता के प्रति बच्चे में शत्रुता जगाना बच्चे के प्रति घोर अमानवीयता भी है। महिला ने पति पर विवाहेत्तर संबंध का आरोप लगाया है। मामले में कोर्ट ने महिला द्वारा बेटी को पति के खिलाफ हथियार बनाने पर फटकार भी लगाया है। जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की खंडपीठ ने यह कहा कि पति-पत्नी के बीच एक नहीं



असंख्य कारणों से मतभेद हो सकते हैं, लेकिन वैवाहिक विवाद में नाबालिग बच्चों को शामिल करना कहीं से भी उचित नहीं है। सेना में एक इंजीनियर और पीएचडी डिग्री धारक लेक्चरर पत्नी के बीच विवाहेत्तर संबंध को लेकर हुए विवाद में हाई कोर्ट ने कहा कि महिला अपने बच्चों को उनके पिता के खिलाफ करने की कोशिश कर रही है और उनसे पिता के खिलाफ शिकायतें लिखवा रही है, यह माता-पिता के अलगाव का स्पष्ट मामला है और पिता/पति के प्रति गंभीर मानसिक क्रूरता है, जो उन्हें हिंदू विवाह अधिनियम के तहत तलाक का अधिकार देता है। बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक, खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा, 'पति के घर पर छोटी बेटी को अपने साथ ले जाना, फिर उसकी मौजूदगी में ही पति पर व्यभिचार का आरोप लगाना और पुलिस को बुलाना; एक बच्चे की मनोदशा को बर्बाद करने और उसे उसके पिता के खिलाफ भड़काने का कृत्य है।

Jharkhand

## झारखंड में घूमने आई स्पेन की महिला से 7-8 ने किया गैंगरेप, जमकर पीटा भी, अस्पताल में भर्ती

**दुमका, (एजेंसी) झारखंड के दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरुमाहाट के स्पेन की विदेशी महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। हालांकि अबतक इस मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है।**

जानकारी के मुताबिक स्पेन की एक महिला व एक पुरुष टूरिस्ट दो अलग-अलग बाइक से निकले थे। देर शाम हो जाने की वजह से हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरमाहाट के समीप दोनों विश्राम के लिए रुके थे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक देर रात करीब 10 बजे 7 से 8 की संख्या में पहुंचे युवकों ने पहले उनके साथ मारपीट की फिर महिला के साथ दुष्कर्म भी किया। इस घटना में दोनों घायल हो गए हैं।

इधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस रात में ही घटनास्थल के पास पहुंचकर दोनों को सरैयाहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां महिला का इलाज चल रहा है। सरैयाहाट अस्पताल के बाहर सुरक्षा में पुलिसकर्मी तैनात हैं। किसी को भी अस्पताल के अंदर जाने नहीं दिया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक इस घटना में पुलिस ने हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुंजी गांव के चार युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार, जरमुंडी एसडीपीओ संतोष कुमार व दुमका डीएसपी रात से ही हंसडीहा में कैंप कर रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्क्वायड की टीम के साथ रात में ही रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।

Uttarpradesh

## आरोपी भी पुलिस, पीड़ित भी पुलिस... महिला कांस्टेबल को दो सिपाहियों ने पीटा, FIR दर्ज

**रामपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के रामपुर में शहर कोतवाली में एक महिला कांस्टेबल ने दो सिपाहियों के खिलाफ मारपीट और छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज कराई है. महिला कांस्टेबल का आरोप है कि दोनों पुरुष कांस्टेबल उसके मकान में किराए पर रहते थे. किसी बात को लेकर उनका विवाद हुआ, इस पर दोनों सिपाहियों ने मिलकर महिला कांस्टेबल के साथ मारपीट की. साथ ही साथ उसको जाति सूचक शब्द भी कहे. महिला कांस्टेबल अनुसूचित जाति से है. पीड़ित महिला सिपाही ने इसकी शिकायत एसपी से कर दी.. इस मामले पर एसपी राजेश द्विवेदी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों सिपाहियों के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए. तुरंत ही शहर कोतवाली में दोनों सिपाहियों गर्वित चौधरी और ललित यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है. मामले में अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि एक महिला कांस्टेबल के मकान में दो आरक्षी किराए पर रहते हैं. मकान मालिक और किराएदार के बीच में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था.

New Delhi

## घर के बाहर खेल रही 7 साल की बच्ची पर पिटबुल ने किया अटैक, काटा और खींचकर ले गया

**नई दिल्ली, (एजेंसी) राजधानी दिल्ली में एक बार फिर पिटबुल के हमले की घटना सामने आई है. यहां कुत्ते ने एक बच्ची पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई. इस मामले में बच्ची के पिता ने कुत्ते के मालिक के खिलाफ केस दर्ज कराया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

जानकारी के अनुसार, यह मामला दिल्ली के जगतपुरी इलाके का है. यहां कल रात 8:47 बजे सात साल की बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी. उसी दौरान पड़ोसी के पेट डॉग पिटबुल ने बच्ची पर हमला कर दिया और खींचकर ले गया. कुत्ते बच्ची को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया. बच्ची की चीख-पुकार सुनकर परिजन दौड़े और बच्ची को बचाया.

इसके बाद बच्ची को घायल हालत में अस्पताल ले जाया गया, साथ ही घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लिया. बच्ची के शरीर में कई जगह घाव हो गए हैं.

हेडगेवार अस्पताल में बच्ची का इलाज किया गया. वहीं बच्ची के परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने कुत्ते के मालिक के खिलाफ आईपीसी की धारा 289 और 337 के तहत केस दर्ज किया है. पुलिस का कहना है कि इस पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है.

खेल

# गुजरात जायंट्स की WPL-2 में लगातार तीसरी हार

### यूपी वॉरियर्ज ने 6 विकेट से हराया, हैरिस ने खेली मैच विनिंग पारी

**बेंगलुरु, (एजेंसी)** गुजरात जायंट्स को WPL-2 में लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को यूपी वॉरियर्ज (UPW) ने 6 विकेट से हराया। गुजरात (GG) अभी तक लीग में एक मैच भी नहीं जीत सकी है।

बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में यूपी ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। गुजरात जायंट्स ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 142 रन बनाए। जवाब में यूपी वॉरियर्ज ने 15.4 ओवर में 4 विकेट पर टारगेट चेज कर लिया।

यूपी के लिए ग्रेस हैरिस ने 33 बॉल में 60 रन की मैच विनिंग पारी खेली। वहीं, सोफी एक्लेस्टन ने 3 विकेट लिए।

गुजरात को WPL के मौजूदा सीजन में एक भी जीत नहीं मिली। टीम को लगातार 3 बार हार का सामना करना पड़ा है।

**गुजरात की ओपनिंग फेल-** टीम के लिए लौरा वोल्वार्ट और बेथ मूनी ने ओपनिंग की और 40 रन की साझेदारी की। छठे ओवर में सोफी एक्लेस्टन के खिलाफ मूनी



ने अपना विकेट गंवा दिया। मूनी ने 16 रन बनाए।

तीसरे नंबर पर हरलीन देओल ने उनकी जगह ली। दूसरा विकेट तब आया जब एक्लेस्टन ने 10वें ओवर में वोल्वार्ट को आउट करके एक बार फिर सफलता हासिल की। गुजरात की ओपनर ने 107.69 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 4 चौके लगा कर 28 रन बनाए।

13वें ओवर में राजेश्वरी गायकवाड़ ने खराब फॉर्म में चल रहे देओल को 18 रन पर चलता कर दिया, फिर एश्ले गार्डनर आई और उनका साथ फीब लिचफील्ड ने दिया।

**गार्डनर और लिचफील्ड ने संभाला** शुरुआती बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के बाद, गार्डनर और लिचफील्ड ने चीजों को नियंत्रण में लिया और यूपी वारियर्ज को एक ठोस लक्ष्य दिया। दोनों के बीच 52 रन की अर्धशतकीय साझेदारी हुई। गार्डनर 30 रन बनाने के बाद 19वें ओवर में एक्लेस्टन की बॉल पर आउट हो गई। कुछ ही बॉल बाद लिचफील्ड 35 रन बनाकर आउट हो गई।

आखिर में दयालन हेमलता 2 रन और कैथरीन ब्राइस 5 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने कुछ रन जोड़कर गुजरात को 142/5 पर पहुंचा दिया।

**एक्लेस्टन ने गेंदबाजी में मोर्चा संभाला--** अपने चार ओवर के स्पेल में तीन विकेट लेने के बाद एक्लेस्टन ने UPW के गेंदबाजी का मोर्चा संभाला। इंग्लिश गेंदबाज के अलावा राजेश्वरी गायकवाड़ ने एक विकेट हासिल किया।

**यूपी की शानदार बल्लेबाजी हैरिस ने मैच फिनिश किया** यूपी की ओर से कप्तान एलिसा हीली और किरण नवगिरे ने टीम के लिए ओपनिंग की। हीली 33 रन और नवगिरे 12 रन बना कर आउट हुईं। हीली ने 21 बॉल में 33 रन बनाकर टीम को पावरप्ले में मजबूत कर दिया। तीसरे नंबर पर चमारी अटापट्टू ने 17 रन की पारी खेली, वहीं श्वेता सेहरावत 2 रन बना कर आउट हो गई। आखिर में ग्रेस हैरिस और दीप्ती शर्मा ने साथ मैच फिनिश करने का जिम्मा उठाया और 53 रन की नाबाद अर्धशतकीय साझेदारी कर मैच खत्म कर दिया। हैरिस ने नाबाद 60 रन बनाए।

सिनेमा

## प्रेग्नेंसी न्यूज के बाद रणवीर सिंह ने दीपिका पादुकोण संग शेयर किया पहला पोस्ट, फैन्स बोले- दिख रहा चेहरे पर ग्लो



दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्द ही पैरेंट्स बनने वाले हैं। कपल ने सोशल मीडिया पर फैन्स और फॉलोवर्स के साथ यह खुशखबरी साझा की। एक दिन बाद ही दोनों को एयरपोर्ट पर देखा गया जहां पपराजी ने उन्हें बधाइयां दीं। रणवीर ने प्रेग्नेंसी की अनाउसमेंट के बाद पहली बार दीपिका के साथ फोटोज शेयर की हैं। कपल अभी गुजरात के जामनगर में है। वे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेरेमनी में शामिल होने पहुंचे हैं। फंक्शन में उनका लुक कैसा है यह भी सामने आ गया है।

रणवीर ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उसमें वह दीपिका के साथ पोज दे रहे हैं। रणवीर व्हाइट सूट में डैपर लुक में हैं। वहीं दीपिका ब्लैक कलर की ड्रेस में स्टनिंग लग रही हैं। उन्होंने गले में ग्रीन कलर का नेकलेस और ईयररिंग्स पहना है। अनंत और राधिका की प्री-वेडिंग सेरेमनी के पहले दिन दोनों कुछ इस तरह तैयार हुए। रणवीर ने कैप्शन में ब्लैक हार्ट का इमोजी दिया और दीपिका को टैग किया। एक यूजर ने कमेंट सेक्शन में कहा, 'बधाई हो आप बहुत अच्छे पिता बनेंगे।' एक यूजर ने कहा, 'इसे प्रेग्नेंसी ग्लो कहते हैं तो आप दोनों के चेहरे पर है।' एक अन्य ने लिखा, 'दुनिया में सच्चा प्यार है और आप दोनों इसकी मिसाल हैं।' एक ने कमेंट किया, 'ब्लैक एंड व्हाइट, सही है जोड़ी।' एक फैन कहते हैं, 'मोस्ट ब्यूटीफुल पैरेंट्स।'

# संपादकीय

## हर साल बिगड़ रहा मौसम का मिजाज

जलवायु में होने वाले बदलाव की वजहें क्या हैं और उन पर किस हद तक लगाम लगाई जा सकती है? यह भी विचित्र है कि तकनीक और संसाधनों के विस्तार के दौर में भी लोग अपनी जान बचाने में कामयाब नहीं हो पा रहे। आज बरसात के दिनों में बिजली गिरने से जितनी मौतें होने लगी हैं, वे हैरान करती हैं। इस वर्ष भी अब समय से पहले ही तापमान में तेज बढ़ोतरी और उसके खतरों को लेकर जो आशंकाएं जाहिर की जा रही हैं, उसके मद्देनजर अब भविष्य में मौसम के मुताबिक बचाव के पूर्व इंतजाम के लिए ठोस पहल की जरूरत है। हर अगले वर्ष मौसम का मिजाज बिगड़ता जा रहा है। जो मौसम जीवन देते रहे हैं, वे अब व्यापक तबाही और लोगों की मौत की वजह क्यों बन रहे हैं। गौरतलब है कि विज्ञान एवं पर्यापरण केंद्र की ओर से जारी 'स्टेट आफ एनवायरनमेंट 2024' रिपोर्ट के मुताबिक पिछले वर्ष बेहद खराब मौसम की वजह से 3,287 लोगों की जान चली गई। इसके अलावा, एक लाख चौबीस हजार पशुओं की मौत हो गई और बाईस लाख हेक्टेयर से ज्यादा रकबे की फसल को नुकसान हुआ। मौसम के बिगड़े मिजाज का सबसे ज्यादा शिकार हिमाचल प्रदेश रहा, जहां एक वर्ष में करीब डेढ़ सौ दिन संकट कायम रहा। इसके बाद मध्यप्रदेश में एक सौ इकतालीस और केरल व उत्तर प्रदेश में एक सौ उन्नीस दिन लोगों को मौसम की मार का सामना करना पड़ा। यों दुनिया भर में पर्यावरण में हो रहे उथल-पुथल की वजहें तलाशने की कोशिशें चल रही हैं, मगर इसके समांतर हाल के वर्षों में कभी बेतहाशा गर्मी, तो कभी कड़ाके की ठंड की मार या फिर बेलगाम बरसात, व्यापक भूस्खलन आदि से जानमाल के नुकसान का दायरा फैलने लगा है।



सत्य-प्रेम-करुणा...

**'प्रारब्ध'**

दुनिया क्या देगी यार ....प्रारब्ध लेकर आए हो... पुरुषार्थ नहीं करोगे तो भी प्रारब्ध देगा .... बैंक के अकाउंट में हमारे पैसे जमा हो ना ....तो कैशियर दुश्मन हो तो भी मना नहीं कर सकता ....ये अपना दुश्मन हो ....और तुम जाओ ....तो नहीं कह सकता कि जाओ तुम्हें पैसा नहीं .... जमा होना चाहिए..... और बिल्कुल निल (nil)हो अकाउंट.... तो वहां मित्र बैठा हो ...तो भी नहीं दे पाएगा.... प्रारब्ध में होगा तो मिल ही जाएगा... और प्रारब्ध बना देगा अपना बुद्ध पुरुष .... मैं बार-बार कहताहूँ ... बुद्ध पुरुष हमारे मन का ज्ञाता भी होता है ...और हमारे मन का निर्माता भी होता है... हमारे मन को गढता है... तैयार करता है...

मानस राम मंदिर

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**बाल दिवस**




# ख्याली जलेबी

**सभी की बात सुनकर शेखचिल्ली ने भी बुजुर्ग को होंश में लाने के लिए अपना विचार रखा। उसने कहा कि बुजुर्ग महिला को होंश में लाने के लिए हमें पहले गर्मा-गर्म जलेबियां लानी होंगी, फिर उसकी खुशबू इन्हें सुंघानी पड़ेगी और फिर उन जलेबियों को इनके मुंह में डालना होगा। शेख ने आगे कहा कि 'जलेबियां मुंह में जाते ही इस बुजुर्ग महिला को जरूर होंश आ जाएगा।'**

एक बार एक बुजुर्ग महिला किसी काम से कहीं जा रही थी। तभी सड़क पार करते हुए एक वाहन से उसकी टक्कर हो गई। गाड़ी के टकराने से महिला बेहोश होकर नीचे गिर गई और वाहन चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना का पता चलते ही आसपास के लोग तुरंत बुजुर्ग महिला के पास पहुंचे और उसे होश में लाने का प्रयास करने लगे।

सड़क पर इकट्ठा हुई भीड़ को देखकर वहां से गुजर रहा शेखचिल्ली भी वहां पहुंचा। उसने देखा कि एक वृद्ध महिला सड़क पर बेहोश पड़ी हुई है और कुछ लोग उसे पानी के छिंटे मार रहे हैं। वहीं, कुछ लोग उसके हाथ-पांव पकड़े हुए हैं, तो कुछ हवा लगा रहे हैं।

महिला को घेरे कुछ लोग उसे अस्पताल पहुंचाने के लिए वाहन का बंदोबस्त करने के लिए कह रहे थे, जबकि कुछ लोग उसे ज्यादा चोट न लगी होने की बात कहकर वहीं होश में लाने की कोशिश करने की बात कह रहे थे।

सभी की बात सुनकर शेखचिल्ली ने भी बुजुर्ग को होंश में लाने के लिए अपना विचार रखा। उसने कहा कि बुजुर्ग महिला को होंश में लाने के लिए हमें पहले गर्मा-गर्म जलेबियां लानी होंगी, फिर उसकी खुशबू इन्हें सुंघानी पड़ेगी और फिर उन जलेबियों को इनके मुंह में डालना होगा। शेख ने आगे कहा कि 'जलेबियां मुंह में जाते ही इस बुजुर्ग महिला को जरूर होंश आ जाएगा।' शेख अपनी बात कहकर चुप हो गया, लेकिन किसी ने उसकी बात पर गौर नहीं किया।

वहीं, दूसरी ओर बेहोशी का नाटक करने वाली उस बुजुर्ग महिला ने शेख की बात सुन ली थी। वह जलेबियां खाने के लालच में यूं ही आंखें मूंदे पड़ी रही। जब काफी देर तक किसी ने शेखचिल्ली की बात पर गौर नहीं किया तो बुजुर्ग महिला से सब्र नहीं हुआ और वह उठते हुए शेखचिल्ली की ओर इशारा कर कहने लगी कि 'कोई इस भले आदमी की भी राय सुन लो और जलेबियां ले आओ।'

बुजुर्ग महिला की बात सुनकर सभी चौंक गए। सभी ने गुस्से भरी निगाहों से उस महिला की ओर देखा और उसे भला-बुरा कहकर अपने-अपने रास्ते चले गए। वहीं, अपनी बेवकूफी का एहसास होने पर बहानेबाज बुजुर्ग महिला भी चुपचाप सड़क से उठ गई और नजरें झुकाए वहां से चली गई।

### कहानी से सीख

कभी भी झूठ नहीं बोलना चाहिए या नाटक नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से हमेशा दूसरों से तिरस्कार ही मिलता है।

## Highlights

1. **Suspect in Bengaluru cafe blast caught on CCTV, seen wearing cap & carrying bag**
2. **Bengaluru Blast Suspect Caught on CCTV with 'Bomb Bag'**
3. **Exclusive Pics Of Bengaluru Cafe Blast Suspect**
4. **Gadkari issues legal notice to Congress leaders Kharge, Ramesh for defamation**
5. **Assam CM Sarma expresses gratitude and unveils development plans**
6. **President Droupadi Murmu attends brahma kumaris' golden jubilee**

# Why airport lounges in India are as packed as a railway station

**NEW DEIHI, (Agency).** Passengers are flocking to the lounges in search of complimentary food, drinks and a chance to be seated comfortably and charge their devices. The problem? Almost every other passenger is doing that too!

Popularised by growing shorts and reels talking about "free ka khana" (free food) in two rupees, passengers who were earlier eligible but unaware also took to the lounge culture at Indian airports. With higher credit and debit card penetration and banks making the "lounge visit" the main attraction for cards to push more cards in the market, the lines outside most lounges in the country were getting longer.

Hindustan Times - your fastest source for breaking news! Read now.

With India crossing the pre COVID travel numbers, there has been a situation lately that we have more passengers, same sized lounge and a large



number of people with debit and credit cards which grant lounge access and queue up to spend some time at the lounge.

The lounge when they began were meant to be exclusive, largely for business travellers who would want some quiet time before the flight to relax, work and have a quick bite. The idea was to make people productive at the airport. What it turned into instead is a place to hog on to food and cold drinks and charge devices. Part of the reason is also the increase in low cost airlines keeping passengers away from warm food in most cases and a full meal in all cases.

What this has meant is that the erstwhile high-end high-rewards credit card and spending to visit airport lounges is a thing of the past and the exclusive spaces for an elite few has become a must-stop for thousands. This has led to a challenge for both airports and credit card companies.

To increase credit card penetration, the issuing banks and card companies started offering lounge access as a frill. What was earlier reserved for premium classes of service or certain frequent flyer status, suddenly became accessible for certain cards.

# GST revenues reach ₹1.68 lakh cr in February, fourth-highest monthly collections

**NEW DEIHI, (Agency).** GST collections rose by 12.5 per cent to ₹1.68 lakh crore in February 2024 compared to the year-ago period buoyed by an increase in domestic sales as well as imports.

With this, the gross GST collection in April-February of the current fiscal stood at ₹18.40 lakh crore, up by 11.7 per cent year-on-year.

"Gross Goods and Services Tax (GST) revenue collected for February 2024 is ₹1,68,337 crore, marking a robust 12.5 per cent increase compared to that in the same month in 2023. This growth was driven by a 13.9 per cent rise in GST from



domestic transactions and 8.5 per cent increase in GST from import of goods," a finance ministry statement said.

The average monthly collections in the current fiscal stood at ₹1.67 lakh crore, higher than ₹1.5 lakh crore in the previous fiscal. GST revenue net of refunds for February 2024 is ₹1.51 lakh crore, a growth of 13.6 per cent over February 2023.

The central government settled ₹41,856 crore to Central GST and ₹35,953 crore to State GST from the Integrated GST collected. This translates to a total revenue of ₹73,641 crore for CGST and ₹75,569 crore for SGST after regular settlement in February.

The highest-ever GST collection was recorded at ₹1.87 lakh crore in April 2023, followed by ₹1.74 lakh crore in January 2024, and ₹1.72 lakh crore in October 2023. In February 2024, the collections came in at ₹1.68 lakh crore, the fourth-highest monthly collections so far.

## सर्वजनहिताय के लिए हमारे शुभसंकल्पित उद्देश्य

# 'सतर्क रहे - सजग रहे अभियान'

को जन-गण-मन तक प्रसारित और पल्लवित
करने में अपना योगदान दीजिये ।

हम विवाद के लिए नहीं अपितु संवाद के लिए संकल्पित है...!

हम सिर्फ लाभ के लिए नहीं अपितु शुभ के लिए भी संकल्पित है...!

हम सिर्फ समस्याओं को उजागर के लिए ही नहीं अपितु समाधान
के साथ सहयोग के लिए भी संकल्पित है...!

'मित्रस्यम चक्षुक्षाम देहि' की भावना वाली हमारी संवाद और
सहयोग की पत्रकारिता के साथ जुड़े।

**Webportal :**
https://www.detectivegroupreport.com
https://www.dgr.co.in

**Youtube Channal :**
http://www.youtube.com/c /DETECTIVEGROUPREPORT

**Social Media :**
Twitter
https://twitter.com/Detective_G_R

Facebook
https://www.facebook.com /DetectiveGroupReport

Instagram
https://www.instagram.com /detective_group_report

**Email us :** dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक